**10. प्रवेश हेतु गुणानुक्रम का निर्धारण**

10.1 उपलब्ध स्थानों से अधिक आवेदक होने पर प्रवेश निम्नानुसार गुणानुक्रम से किया जायेगा।
(क) स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु अर्हकारी परीक्षा के प्राप्तांक एवं अधिभार देय है, तो अधिभार जोड़कर प्राप्त कुल प्रतिशत अंकों के आधार पर तथा
(ख) विधि स्नातक प्रथम वर्ष सम्बद्ध विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा का प्रावधान हो तो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार होगी।

10.2 अनारक्षित एवं आरक्षित श्रेणी के लिये अलग–अलग गुणानुक्रम सूची तैयार की जावेगी।

**11. प्रवेश हेतु प्राथमिकता :–**

11.1 प्रथम वर्ष स्नातक/स्नातकोत्तर/विधि कक्षाओं में प्राथमिकता का आधार, अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण नियमित/भूतपूर्व (नियमित)परीक्षार्थी/स्वाध्यायी उत्तीर्ण छात्रों के क्रमानुसार रहेगा।

11.2 स्नातक/स्नातकोत्तर अगली कक्षाओं में प्राथमिकता का आधार, अर्हकारी परीक्षा में उत्तीर्ण नियमित, भूतपूर्व (नियमित) परीक्षाओं/एक विषय में पूरक प्राप्त पूर्व सत्र के नियमित छात्र /स्वाध्यायी छात्रों के क्रमानुसार रहेगा।

11.3 विधि संकाय की अगली कक्षाओं मे पूरक प्राप्त छात्रों के पहले उत्तीर्ण, परन्तु 48% एग्रीगेट प्राप्त करने वाले छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश दिया जावे, अन्य क्रम यथावत रहेगा।

11.4 आवेदक द्वारा अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने के स्थान अथवा उसके निवास स्थान/तहसील /जिला में स्थित या आसपास के अन्य जिले के समीपस्थ स्थानों पर स्थित महाविद्यालयों में आवेदित विषय/विषय समूह के अध्यापन की सुविधा होने पर ऐसे आवेदकों के आवेदनों पर विचार न करते हुए उस विषय/विषय समूह में प्रवेश हेतु प्राचार्य द्वारा अपने नगर / तहसील/जिलो की सीमा से लगे अन्य जिलो के समीपस्थ स्थानों के आवेदको को प्राथमिकता देते हुए प्रवेश दिया जावे आवेदक के निवास स्थान/तहसील/जिलों में स्थित या आसपास के अन्य जिलों के समीपस्थ स्थित महाविद्यालय में आवेदित विषय/विषय समूह के अध्ययन की सुविधा नही होने पर उन्हें गुणानुक्रम से प्रवेश दिया जावेगा। स्थान रिक्त रहने पर एवं गुणानुकम में आने पर पूरे प्रदेश के छात्रों को पूरे प्रदेश में प्रवेश की पात्रता होगी।

11.5 परन्तु उपरोक्त प्रावधान स्वाशासी महाविद्यालयों के लिए लागू नही होगा, किसी एक विषय की स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी को अन्य विषय की स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश महाविद्यालय में स्थान रिक्त रहने की स्थिति में ही दिया जा सकेगा।

**12. आरक्षण :–**

**छत्तीसगढ़ शासन की आरक्षण नीति के अनुरूप निम्नानुसार होगा :–**

12.1 प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में सीटों का आरक्षण तथा किसी शैक्षणिक संस्था में इसका विस्तार निम्नलिखित रिती से होगा, अर्थात :–
(क) अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या में से 32% सीटें अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित रहेंगी।
(ख) अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या में से 12% सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित रहेंगी।
(ग) अध्ययन या संकाय की प्रत्येक शाखा में वार्षिक अनुज्ञप्त संख्या में से 14% सीटें अन्य पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित रहेंगी।

परन्तु जहां अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटें पात्र विद्यार्थियों की अनुपलब्धता के कारण अंतिम तिथि(यों) पर रिक्त रह जाती है, तो इसे अनुसूचित जातियों से तथा विपरीत कम में पात्र विद्यार्थियों में से भरा जायेगा।

परन्तु यह और कि पूर्व गामी परन्तुक में निर्दिष्ट व्यवस्था के पश्चात भी, जहां खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अधीन आरक्षित सीटें, अंतिम तिथि(यों) पर रिक्त रह जाती है, तो इसे अन्य पात्र विद्यार्थियों से भरा जावेगा।

12.2 (1) बिन्दु क्र. 12.1 के खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अधीन उपलब्ध सीटों का आरक्षण उर्ध्वाधर (वर्टीकल) रूप से क्रियान्वित किया जायेगा।
(2) निःशक्त व्यक्तियों, महिलाओं, भूतपूर्व कार्मिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बच्चों या व्यक्तियों के अन्य विशेष वर्गों के संबंध में क्षैतिज आरक्षण का प्रतिशत ऐसा होगा, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिये अधिसूचित किया जाये, तथा यह बिन्दु 12.1 के खण्ड (क), (ख) तथा (ग) के अधीन यथा स्थिति उर्ध्वाधर आरक्षण के भीतर होगा।



PRINCIPAL
Govt. Dau Kalyan Arts & Commerce
Post Graduate College Baloda Bazar
Distt. Baloda Bazar-Bhatapara (C.G.)
Tel./Fax 07727-222549

Scanned by CamScanner

# Govt. Dau Kalyan Arts & Commerce P.G. College, Baloda Bazar (C.G.)

## Course and Sanctioned Seats 2022-23

| S.No. | Course | Subject | Seats | SC (32%) | | Total | ST (12%) | | Total | OBC (14%) | | Total | UR | | Total | Grand Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Boys | Girls | | Boys | Girls | | Boys | Girls | | Boys | Girls | | |
| 1 | B.A. | Arts | 260 | 58 | 25 | 83 | 22 | 9 | 31 | 25 | 11 | 36 | 77 | 33 | 110 | 260 |
| 2 | B.Com. | Commerce | 150 | 34 | 14 | 48 | 13 | 5 | 18 | 15 | 6 | 21 | 44 | 19 | 63 | 150 |
| 3 | B.C.A. | Comp. Application | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 4 | B.Sc. Bio | CBZ | 160 | 36 | 15 | 51 | 13 | 6 | 19 | 15 | 7 | 22 | 48 | 20 | 68 | 160 |
| 5 | B.Sc. Maths | PCM | 100 | 22 | 10 | 32 | 8 | 4 | 12 | 10 | 4 | 14 | 29 | 13 | 42 | 100 |
| 6 | B.Sc. Bio-Tech (Botany) | CBBioTech | 15 | 3 | 2 | 5 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 4 | 2 | 6 | 15 |
| 7 | B.Sc. Bio-Tech (Zoology) | CZBioTech | 15 | 3 | 2 | 5 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 4 | 2 | 6 | 15 |
| 8 | B.Sc. CS (PMCS) | PMCS | 40 | 9 | 4 | 13 | 3 | 2 | 5 | 4 | 2 | 6 | 11 | 5 | 16 | 40 |
| 9 | B.Sc. IT (PMIT) | PMIT | 33 | 8 | 3 | 11 | 3 | 1 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 | 13 | 33 |
| 10 | D.C.A. | Comp. Application | 20 | 4 | 2 | 6 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | 3 | 6 | 3 | 9 | 20 |
| | **Total** | | **823** | **184** | **80** | **264** | **68** | **31** | **99** | **79** | **36** | **115** | **240** | **105** | **345** | **823** |

| S.No. | Course | Subject | Seats | SC (32%) | | Total | ST (12%) | | Total | OBC (14%) | | Total | UR | | Total | Grand Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Boys | Girls | | Boys | Girls | | Boys | Girls | | Boys | Girls | | |
| 1 | L.L.B. | Law | 80 | 18 | 8 | 26 | 7 | 3 | 10 | 8 | 3 | 11 | 23 | 10 | 33 | 80 |
| 2 | L.L.M. | Law | 20 | 4 | 2 | 6 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | 3 | 6 | 3 | 9 | 20 |
| 3 | M.A. Hindi | Hindi | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 4 | M.A. English | English | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 5 | M.A. Economics | Economics | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 6 | M.A. Political Science | Political Science | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 7 | M.A. Sociology | Sociology | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 8 | M.A. Geography | Geography | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 9 | M.Com. | Commerce | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 10 | M.Sc. | Maths | 40 | 9 | 4 | 13 | 3 | 2 | 5 | 4 | 2 | 6 | 11 | 5 | 16 | 40 |
| 11 | M.Sc. | Chemistry | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 12 | M.Sc. | Botany | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 13 | M.Sc. | Zoology | 20 | 4 | 2 | 6 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | 3 | 6 | 3 | 9 | 20 |
| 14 | M.Sc. | IT | 30 | 7 | 3 | 10 | 3 | 1 | 4 | 3 | 1 | 4 | 8 | 4 | 12 | 30 |
| 15 | PGDCA | Comp. Application | 50 | 11 | 5 | 16 | 4 | 2 | 6 | 5 | 2 | 7 | 15 | 6 | 21 | 50 |
| | **Total** | | **510** | **116** | **51** | **167** | **46** | **19** | **65** | **51** | **19** | **70** | **141** | **67** | **208** | **510** |
| | **Grand Total** | | **1333** | **300** | **131** | **431** | **114** | **50** | **164** | **130** | **55** | **185** | **381** | **172** | **553** | **1333** |

प्राचार्य

Scanned by CamScanner